समृद्ध पहल

प्रलिम्सि के लयि:

समृद्ध पहल, अटल नवाचार मशिन (AIM),

मेन्स के लयि:

स्वास्थ्य सेवा परदृिश्य में सुधार के लयि समृद्ध पहल का महत्त्व।

चर्चा में क्यों?

अटल नवाचार मशिन (एआईएम), नीतआियोग और अमेरिकी एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएड) ने **'स्वास्थ्य देखभाल के अभनिव वतिरण के लयि बाज़ारों और संसाधनों तक सतत् पहुँच'** (समृद्ध) पहल के अंतर्गत एक नई साझेदारी की घोषणा की।

- यह समझौता वर्तमान में जारी कोवडि-19 की तीसरी लहर के लयि एक प्रभावी सहायता उपलब्ध कराने और भवषि्य में संक्रामक रोग के प्रकोप व स्वास्थ्य आपात स्थतिि हेतु स्वास्थ्य प्रणाली का नरि्माण करने के सामान्य लक्ष्य के साथ स्वास्थ्य सेवा परदृिश्य में नवाचारों पर ध्यान केंद्रति करेगा।
- योजना आयोग को 1 जनवरी, 2015 को एक नए थकि टैंक - नीतआियोग द्वारा प्रतस्िथापति कयिा गया था, जसिमें 'सहकारी संघवाद' की भावना को प्रतध्विनति करते हुए **'अधकितम शासन, न्यूनतम सरकार'** की परकिल्पना के लयि 'बॉटम-अप' दृष्टकिोण पर ज़ोर दयिा गया था।
- AIM देश में नवाचार और उद्यमता की संस्कृतकिो बढ़ावा देने के लयि नीतआियोग द्वारा स्थापति एक प्रमुख पहल है।

समृद्ध पहल:

- **समृद्ध पहल के बारे में:**
  - वर्ष 2020 में यूएसएआईडी और भारत सरकार के अकादमकि व नजिी क्षेत्र के हतिधारकों ने बाज़ार-आधारति स्वास्थ्य समाधानों को तैयार करने और उनमें तेज़ीसे वृद्धकिरने हेतु सार्वजनकि एवं परोपकारी कोषों को वाणज्यिकि पूंजी के साथ संयोजति करने हेतु अभनिव समृद्ध मशि्रति वत्तिीय सुवधिा वकिसति की।
    - मशि्रति वत्तिीय सुवधिा वत्तिपोषण की दशिा में एक दृष्टकिोण है जहाँ सार्वजनकि और परोपकारी स्रोतों से उत्प्रेरति वत्तिपोषण (जैसे अनुदान और रयिायती पूंजी) का उपयोग सामाजकि लक्ष्यों एवं परणिामों को प्राप्त करने हेतु नजिी क्षेत्र से अतरिक्ति नवेिश को आकर्षति करने के लयि कयिा जाता है।
  - यह दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों एवं ग्रामीण तथा जनजातीय क्षेत्रों में सुभेद्य आबादी के लयि सस्ती व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक पहुँच में सुधार करेगी।
  - इस पहल का कार्यान्वयन आईपीई ग्लोबल (एक कंपनी) द्वारा प्रबंधति एक तकनीकी सहायता इकाई द्वारा कयिा जाता है।
- **उद्देश्य:**
  - तत्काल, मध्यम और लंबी अवधमिें स्वास्थ्य आपात स्थतियिों को बढ़ावा देकर स्वास्थ्य सुवधिाओं में आपूर्त-िपक्ष के अंतराल को कम करना।
  - नवोन्मेषी और बाज़ार-आधारति स्वास्थ्य समाधानों को तेज़ी से बढ़ाना और अपनाना।
  - उच्च प्रभाव वाले स्वास्थ्य समाधानों को बढ़ावा देकर स्थायी स्वास्थ्य प्रणालयिों के नरि्माण के लयि संसाधनों को जुटाना।
  - सुभेद्य आबादी के लयि सामुदायकि स्तर पर स्थानीय और व्यापक समाधान को बढ़ावा देना।
- **महत्त्व:**
  - **अटल इनोवेशन मशिन और समृद्ध** छोटे एवं मध्यम स्वास्थ्य उद्यमों में व्यावसायकि नविेश की बाधाओं को दूर करने के लयि परोपकारी पूंजी और सार्वजनकि क्षेत्र के संसाधनों का लाभ उठाकर इसे स्वास्थ्य सेवा समाधान हेतु नविेश कयिा जाएगा।
  - यह नई साझेदारी सुभेद्य आबादी तक पहुँचने के लयि समृद्ध के प्रयासों को बढ़ाएगी तथा नवाचार और उद्यमता में अटल इनोवेशन मशिन की वशिेषज्ञता का लाभ उठाएगी।



//

यह समृद्ध कार्यक्रम से किस प्रकार भिन्न है?

- **इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)** ने अगस्त 2021 में **'उत्पाद नवाचार, विकास और वृद्धि (SAMRIDH)'** कार्यक्रम के लिये MeitY के **स्टार्ट-अप एक्सेलेरेटर्स लॉन्च** किये।
- इसे **भारतीय सॉफ्टवेयर उत्पाद स्टार्ट-अप के लिये अपने उत्पादों और व्यवसाय को बढ़ाने** के उद्देश्य से सुरक्षित निवेश हेतु एक अनुकूल मंच बनाने के लिये लॉन्च किया गया था।

भारत में वर्तमान स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य:

- हालाँकि पिछले पाँच वर्षों में भारत का स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र तेज़ी से बढ़ा है (22% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर), कोविड-19 के चलते एक कमज़ोर स्वास्थ्य प्रणाली, गुणवत्ता वाले बुनियादी ढाँचे तथा गुणवत्ता सेवा वितरण की कमी जैसी चुनौतियाँ देखी गईं।
- भारत का स्वास्थ्य देखभाल खर्च सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 3.6% है, जिसमें आउट-ऑफ-पॉकेट और सार्वजनिक व्यय भी शामिल है।
    - केंद्र और राज्य का संयुक्त कुल सरकारी खर्च सकल घरेलू उत्पाद का 1.29% है।
    - ब्रिक्स देशों के मामले में भारत सबसे कम खर्च करता है: ब्राज़ील सबसे अधिक (9.2%) खर्च करता है, उसके बाद दक्षिण अफ्रीका (8.1%), रूस (5.3%) और चीन (5%) का स्थान है।
- भारत सरकार ने '**आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना**' (AB-PMJAY) शुरू की है, जो सरकार द्वारा प्रायोजित दुनिया की सबसे बड़ी गैर-अंशदायी स्वास्थ्य बीमा योजना है जिसमें गरीब एवं कमज़ोर परिवारों के लिये माध्यमिक व तृतीयक स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में स्वास्थ्य देखभाल तक पहुँच को सक्षम बनाया गया है।

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/samridh-initiative